एक नजर में

खुले आसमान के नीचे खडी है वितरण होने वाली साइकिले

पिपरिया शासकीय कन्या माध्यमिक शाला के प्रांगण व विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने विद्यार्थियों को वितरण होने आई साईकिले खुले आसमान तले बारिस धूप में खडी है जिससे खराब होने की संभावनायें जताई जा रही है।शा .क .उ .मा .व विकासखंड अधिकारी कार्यालय के सामने विद्यार्थियों को वितरित होने वाली बारिस में व धूप में खडी है जिससे साईकिल खराब होने की संभावना जताई जा रही है।इसको लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसएल रघुवंशी से चर्चा हुई तो आपने बताया कि इस वर्ष हमारे द्वारा साईकिल की डिमांड ही नही की गई थी परंतु फिर भी साईकिले आई थी जबकि पिछले वर्ष की 302 साईकिले रखी हुई थी जिन्हे वितरण किया जा चुका है। बीआरसी प्रदीप शर्मा ने बताया कि इस वर्ष आई 160 साईकिल की हमारे द्वारा डिमांड नही की गई थी जिसको ध्यान में रखते हुए उच्चाधिकारियों द्वारा यह साईकिले कम्पनी के माध्यम से केसला ब्लाक भेजी जावेगी।इस संबंध में अपर संचालक डीएस कुशवाहा व अपर संचालक केके द्विवेदी से मोबाइल पर चर्चा करने का प्रयास किया परंतु उनके द्वारा मोबाइल अटेंड नही किया गया।

कांवड यात्रा पचमढी के लिये रवाना

नर्मदापुरम से पचमढी के लिये निकली कांवड यात्रा का स्वागत मंगलवारा धर्मशाला में पूर्व भाजपाजिलाध्यक्ष व वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया। नर्मदापुरम से पचमढी जा रहे राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य राजो मालवीय के साथ सैकडो की तादाद में उपस्थित कांवड यात्रियों का मंगलवारा धर्मशाला में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष भगवानदास अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। रात्रि विश्राम के पश्चात प्रात- कांवड यात्रा धर्मशाला से निकल शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई पचमढी रोड से निकली जहां जगह जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नपाध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, अरविंद राय, राकेश दुबे आदि थे.

लाठीचार्ज के विरोध में नगर पूर्णत : बंद

स्वेच्छा से दिया समर्थन

आठ हजार से अधिक संख्या में सर्वसमाज रहा मौन रैली में शामिल

नवभारत न्यूज

हरदा, 19 जुलाई राजपूत परिषद के आह्वान पर शनिवार को हरदा बंद रखा गया है। यह बंद 13 जुलाई को राजपूत छात्रावास में हुई पुलिस लाठीचार्ज की घटना के विरोध में किया गया । बंद को लेकर नगर के व्यापारियों ने स्वेच्छा से समर्थन दिया है।शुक्रवार को राजपूत समाज के प्रतिनिधियों ने नगर में भ्रमण कर व्यापारियों से सहयोग की अपील की, जिसे व्यापक समर्थन मिला। आज सुबह से ही अधिकांश दुकानें और प्रतिष्ठान बंद रहे । मुख्य बाजार घंटाघर क्षेत्र के अलावा नारायण टॉकीज क्षेत्र, परशुराम चौक, गुर्जर बोर्डिंग, सहित नया बस स्टैंड पर भी सभी दुकानें बन्द रही।

पुलिस बल तैनात, दोपहर में निकली मौन रैली – बंद के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के प्रमुख चौराहों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। समाज के लोगों का आरोप है कि पुलिस ने छात्रावास में घुसकर निर्दोष छात्रों और युवाओं पर बल प्रयोग किया, जो पूरी तरह गलत था। राजपूत समाज की मांग है कि लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाए। विरोध स्वरूप शनिवार दोपहर में मौन रैली निकाली गई। जो राजपूत छात्रावास से होती हुई परशुराम चौक , चांडक चौक , घंटाघर होती हुई जैसानी चौक, विवेकानंद काम्प्लेक्स के सामने से होती हुई पुन: राजपूत छात्रावास पहुंची । जहां मौन रैली का समापन हुआ । घंटाघर के समीप महात्मा गांधी एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया । रैली में 8000 से भी अधिक संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

राजपूत समाज ने माना सर्वसमाज का आभार – अजब सिंह राजपूत सचिव नर्मदापुरम संभागीय राजपूत परिषद ने बताया कि नर्मदापुरम संभागीय राजपूत परिषद हरदा, जिला राजपूत परिषद हरदा एवं चारों तहसील परिषदों के आव्हान पर न्याय यात्रा एवं मौन रैली को सफल बनाने में हरदा जिले एवं आसपास के सभी जिलों के सभी समाजों के संगठनों और सभी धर्मों, जातियों, पंथों, व्यापारिक संगठनों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों ने हरदा जिले एवं हरदा जिले की तहसील मुख्यालयों सहित ग्रामीण स्तर पर भी बंद को व्यापक समर्थन मिला है। हरदा जिले की इस न्याय यात्रा एवं मौन रैली को सफल बनाने में आप सभी का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ है। हम आप सभी के प्रति कृतज्ञता एवं आभार व्यक्त करते है। आपके सहयोग के बिना यात्रा एवं मौन रैली का सफल होना संभव नहीं था।

हर हर महादेव के जयकारों के साथ प्रारंभ हुई नागद्वारी यात्रा

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम/19,जुलाई,2025/ अपने आराध्य के प्रति गहरी आस्था एवं भक्ति लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं पद्मश शेषनाग द्वारा मंदिर। नर्मदापुरम जिले की अमरनाथ धाम की यात्रा हुई प्रारंभ। सावन माह में आयोजित होने वाले इस 10 दिवसीय मेले में भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन श्रद्धालु दुर्गम रास्तों से भरा 19 किलोमीटर का सफर पहाड़ों एवं घाटियों को पार कर चट्टानों में लगाई गई लोहे की सीढ़ियों के सहारे तय कर के मंदिर पहुंच रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को 25 हज़ार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने नागद्वारी गुफा मंदिर पहुंचकर अपने इष्ट के दर्शन कर सुख और शान्ति की मनोकामना की। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 10 दिनों तक ही एसटीआर के कोर एरिया में स्थित इस मंदिर के द्वार खुलते है तथा भक्तो को जाने की अनुमति प्राप्त होती है। मेले के सफल संचालन के लिए पचमढ़ी तहसील में कंट्रोल रूम स्थापित कर पूरे मेले पर उच्च अधिकारियों द्वारा नजर रखी जा रही है। आवश्कता पडने पर प्वाईंटों पर सामग्री तथा अन्य व्यवस्थाऐं तत्काल उपलब्ध करायी जा रही हैं। मेले में समस्त आवश्यक संसाधनों की पूर्ति मेला प्रारंभ होने की तिथि से एक दिवस पूर्व ही की जा चुकी है जिनमें विद्युत व्यवस्था पेयजल व्यवस्था आदि सम्मिलित है। संपूर्ण मेल ट्रैक मार्ग की मरम्मत भी लोक निर्माण विभाग द्वारा की गई है जिससे भक्तों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जिन स्थानों पर विद्युत आपूर्ति नहीं की जा सकती है उन स्थानों पर जनरेटर सेट के द्वारा आपूर्ति को सुनिश्चित किया जा रहा है। मेले में आने वाले मंडलों को भी समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए चार दिवस पूर्व ही अंदर जाने की अनुमति दी जा चुकी है जिससे वह भंडारे आदि की समस्त सामग्रियों को पूर्व नियोजित थी सुनिश्चित कर लें। संपूर्ण मेला क्षेत्र 16 सेक्टर पॉइंट्स में बांटा गया है। जिनमें प्रत्येक सेक्टर प्वाईंट पर सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं.

कावड़ यात्रियों का जत्था बैजनाथ धाम रवाना

नवभारत न्यूज

इटारसी, 19 जुलाई भगवान बैजनाथ धाम के लिए कावड़ यात्रा इटारसी से रवाना हुआ। सावन मास में हर वर्ष कितना इस वर्ष भी भगवान बैजनाथ धाम की कावड़ यात्रा इटारसी से शुभारंभ की गई। बैजनाथधाम कावड़ संघ के तत्वावधान में आयोजित यह कावड़ यात्रा पिछले 80 सालों से जारी है।

सुल्तानगंज से शुरू होगी पैदल यात्रा – इटारसी से रवाना हुए कावड़ यात्री पहले बनारस में भगवान काशी विश्वनाथ के दर्शन करेंगे, इसके बाद यहां से ट्रेन से सुल्तानगंज बिहार के लिए रवाना होंगे। सुल्तानगंज से पैदल कावड़ यात्रा सोमवार को प्रारंभ होगी। चार दिन बिहार और झारखंड के चार जिलों को क्रॉस करके पैदल चलकर कावड़ यात्री भगवान बैजनाथ धाम पहुंचेंगे। यहां दर्शन के बाद, बाबा बासुकीनाथ के दर्शन करेंगे। आज बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुए तीर्थयात्रियों को परिजनों ने विदा किया।

पिपरिया बीपीएचयू जांच सेंटर में नागरिको,मरीजो को खुले आसमान तले खडा होना पड रहा है जिससे धूप व बारिस में महिलाओं को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पडता है।शासन द्वारा शासकीय अस्पताल में जांच की सुविधायें दी गई है प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को गर्भवती महिलाओं की व विभिन्न 101 जांचे की जाती है।दोपहर बाद जांच रिपोर्ट प्रदान की जाती है इस दौरान भारी तादाद में महिलायें व परिजन रिपोर्ट प्राप्त करने धूप में व बारिस के दौरान खडे देखे .

उर्वरक के अवैध परिवहन पर एफआईआर दर्ज

हरदा, 19 जुलाई उर्वरक निरीक्षक सह सहायक संचालक कृषि भागवत सिंह ने उर्वरक संचालक नियंत्रण आदेश 1973 का उल्लंघन करने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत वाहन क्रमांक एमपी 04 जीबी 8001 कके चालक रितिक प्रजापति निवासी दामजीपुरा जिला बैतूल के विरूद्ध थाना छीपाबड़ में प्राथमिकी दर्ज की है।

माल गोदाम परिसर में लगा नशा मुक्ति शिविर

नवभारत न्यूज

इटारसी, 19 जुलाई आज माल गोदाम परिसर में इटारसी पुलिस द्वारा नशा मुक्ति पखवाड़ा के अंतर्गत माल गोदाम परिसर में काम करने वाले ड्राइवर मजदूरों को नशे से होने वाले नुकसान घर परिवारों में शांति भंग होना परिवार की बर्बादी के कारण बताएं वह सबको शपथ दिलवाई कि हम नशा नहीं करेंगे और अपने साथियों को भी नशा न करने की शिक्षा देंगे ताकि यहां लोगों के परिवार नशे की वजह से जो बर्बाद हो रहे हैं वह बर्बाद ना हो इस अवसर पर ट्रक ओनर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह भाटिया ने भी अपने विचार रखें राम रहीम टोली के संरक्षक शाहनवाज आईटी इटारसी गौरव सिंह बुंदेला एसडीओपी पुलिस इटारसी मिश्रा जी जीआरपी डीएसपी महेंद्र सिंह जी ने भी अपने विचार रखे और नशे से दूर रहने के लिए समझाइए इस अवसर पर ट्रक ओनर एसोसिएशन की संरक्षक राजेंद्र सिंह सलूजा वरिष्ठ परमजीत सिंह जी सलूजा रेलवे माल गोदाम की अधिकारी पुलिस का स्टाफ ट्रक ओनर एसोसिएशन के सदस्य हरभजन सिंह सलूजा हनीफ खान समीर खान नवीन चौहान अमनदीप भाटिया परमिट भाटिया वाजिद अली बाबू समीर और सभी ड्राइवर भाई उपस्थित थे समीर खान ने आभार व्यक्त किया अतिथियों का स्वागत किया गया.

गायत्री परिवार के संस्कार केंद्र में बच्चों को दिए जा रहे संस्कार

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्कार केंद्र में बच्चों को दिए जा रहे संस्कार अब समाज में दिख रहे हैं। अब बच्चे अपना जन्मदिन केक काटकर मनाने की जगह गायत्री मंत्र,स्वास्तिवाचन एवं दीपक प्रज्वलित कर मंदिर मे मना रहे हैं। संयुक्त महाप्रबंधक अखिलेश गुप्ता ने अपने सुपुत्र नक्षत्र गुप्ता का 12वाँ जन्मदिन गायत्री शक्तिपीठ देवास में वैदिक मित्रों के साथ गायत्री माता की पूजा अर्चन कर मनाया।

इस अवसर पर संस्कार केंद्र की दीदी एवं बच्चों द्वारा जन्मोत्सव गीत एवं बधाई गीत गाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।पुष्प वर्षा कर लंबी आयु की कामना की। इस अवसर पर नक्षत्र गुप्ता ने कहा कि वह अपना बर्थडे नहीं जन्मोत्सव मानते हैं।उत्सव में हम बड़ों का आशीर्वाद लेते हैं,एवं छोटों को खुशियां बांटते हैं।इस कार्यक्रम के संयोजक विक्रम चौधरी रहे। गायत्री परिवार के संस्कार केंद्र बच्चों को संस्कारी बना कर अच्छे समाज का निर्माण करते हैं। कार्यक्रम में संस्कार केंद्र की दीदी एवं बच्चों के साथ ही अमर देव ठाकुर, सचिन शर्मा, संजय कसेरा, दिनेश राठौड़, मुकेश गुप्ता, सुरेश यादव, धीरज जी,अरविंद भट्ट, आदि ने उपस्थित होकर नक्षत्र के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

पिपरिया हथवांस तिगड्डा के आगे राइस मिल के सामने ट्रेक्टर चालक द्वारा बाइक सवार को टक्कर मारी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हुए जिसे शासकीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर नर्मदापुरम रैफर किया। मंगलवारा एसआई मानिकसिंह बट्टी ने बताया कि हथवांस तिगड्डे के आगे राजीव पिता बसंत ठाकुर निवासी हथवांस उम्र 16 वर्ष बाइक से मंदिर जा रहा था इसी दौरान ट्रेक्टर चालक द्वारा टक्कर मार दी.

सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा महारुद्राभिषेक आज

हरदा – सर्व ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा आज गुप्तेश्वर मंदिर में महारुद्राभिषेक एवं 101 सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा।संगठन के महामंत्री लोकेश शर्मा एवं उत्तम तेनगुरिया ने बताया कि रविवार को गुप्तेश्वर मंदिर में दोपहर 1 बजे से आचार्य पंडित ओमप्रकाश पुरोहित के साथ 11 पंडितों द्वारा महारुद्राभिषेक पाठ होगा।इस दौरान पंचाक्षर मंत्र जाप,सुंदरकांड पाठ,भजन भी होंगे।शाम को 5 बजे महाआरती होगी।संगठन के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने बताया कि विश्व कल्याण एवं शांति के उद्देश्य से संगठन द्वारा लगातार धार्मिक आयोजन किए जाते है, सभी से पुण्य लाभ लेने कहा है।

जुआ खेलते पकड़ाए सरपंच पति, 6 लोगों पर मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

बनखेड़ी, 19 जुलाई थाना क्षेत्र बनखेड़ी के अंतर्गत ग्राम डूमर में शुक्रवार को सरपंच पति कमलेश ठाकुर सहित 6 लोग जुआं खेलते पकड़े गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम डूमर में श्मशान घाट के पास 06 लोगों के जुआ खेलने की सूचना पर बनखेड़ी थाना प्रभारी विजय सनस ने एसआई मनमोहन ठाकुर के नेतृत्व में टीम गठित कर रवाना की। एसआई मनमोहन ठाकुर ने बताया कि कमलेश ठाकुर, जगदीश पटेल, धर्मेंद्र पटेल, अमित कुशवाहा, हल्कोरी किरार, संतोष मेहरा सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेलते पकड़े गए, 2510 रुपए नकद तथा 52 ताश के पत्ते जब्त हुए हैं। आरोपियों पर जुआ एक्ट की धारा 13 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है, साथ ही धारा 151 के अंतर्गत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

ग्राम डूमर में श्मशान घाट के पास 06 लोगों के जुआ खेलने की सूचना पर बनखेड़ी थाना प्रभारी विजय सनस ने एसआई मनमोहन ठाकुर के नेतृत्व में रवाना की।

भारी अनियमितताओं के बीच हो रही खरीदी

बनखेड़ी। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीदी की जा रही है। जिसमें भारी अनियमितताओं के बीच किसान अपनी उपज बेचने को मजबूर है। एक खरीदी केंद्र पर तो निर्धारित मात्रा से अधिक मूंग की तुलाई हो गई। जिसका पंचनामा भी बना है। लेकिन अधिकारी और समिति प्रबंधक की मिलीभगत से मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। नायब तहसीलदार राम सिपाही मरावी का कहना है कि जांच हेतु टीम के साथ गए थे। खरीदी केंद्र पर भारी अनियमितता मिली थी। खाली एवं भरे वरदानों अव्यवस्थित थे। जबकि सूत्रों की माने तो नायब तहसीलदार टीम के साथ मछेराकलां खरीदी केंद्र पहुंचे थे। जहां एसडब्लूसी वेयरहाउस क्रमांक 3 में सेवा सहकारी समिति दहलवाड़ा को उपार्जन केंद्र बनाया है। उक्त खरीदी केंद्र पर शुक्रवार तक 193 किसानों से 5357 क्विंटल मूंग खरीदी करके 10714 वारदानो (बोरी) में रखी गई है। जबकि स्टेकिंग में वरदानों की संख्या 10921 बोरी पाई गई है।

छात्राओं का आरोप शिक्षक अश्लील हरकतें और गंदी नजरों से देखता है

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा 19 जुलाई सिवनी मालवा के बघवाड़ा हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं ने स्कूल के एक शिक्षक पर दुर्व्यवहार एवं अशोभनीय हरकतों के गंभीर आरोप लगाए हैं। करीब आधा दर्जन छात्राएं सिवनी मालवा थाने पहुंचीं जहाँ उन्होंने शिक्षक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की मांग की।

छात्राओं ने आरोप लगाया कि इतिहास विषय पढ़ाने वाले शिक्षक राम आशीष पाण्डेय लंबे समय से उनके साथ गलत तरीके से छूने की कोशिश करते थे, बदतमीजी करते थे और उन्हें अश्लील नजरों से देखते। छात्राओं ने बताया कि वे इस व्यवहार को लंबे समय से झेल रही थीं और हमने इसकी जानकारी प्राचार्य को भी दी थी परन्तु कोई कार्रवाई नहीं की। छात्राओं के अनुसार शुरू में भय और शर्म के कारण वे चुप रहीं परन्तु जब स्थिति असहनीय हो गई, तो उन्होंने अपने माता-पिता को शिक्षक की हरकतों की सारी बात बताई। परिजनों के साथ सभी छात्राएं सिवनी मालवा थाने पहुंचीं और थाना प्रभारी को पूरे मामले की जानकारी दी। थाना प्रभारी राजेश दुबे ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। चूंकि स्थानीय थाने में महिला पुलिस अधिकारी मौजूद नहीं थीं, इसलिए जिला मुख्यालय से महिला थाना प्रभारी हेमलता मिश्रा को बुलाया गया। महिला थाना प्रभारी हेमलता मिश्रा ने छात्राओं से विस्तारपूर्वक बयान लिए, जिनमें शिक्षक पर यौन दुर्व्यवहार के स्पष्ट आरोप लगाए गए। उन्होंने बताया, एक छात्रा ने बताया कि शिक्षक ने कक्षा में उसे गलत तरीके से छूने की कोशिश की और बुरी नीयत से देखा, जिससे वह बहुत भयभीत हो गई थी।पुलिस ने बयानों के आधार पर शिक्षक राम आशीष पाण्डेय के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 74 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोप गंभीर हैं और जांच प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की जा रही है।

पुलिस ने बयानों के आधार पर शिक्षक राम आशीष पाण्डेय के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे मेले, लेकिन चारों ओर फैल रही गंदगी

नवभारत न्यूज

शोभापुर, 19 जुलाई ग्राम के मुख्य स्थान कहे जाने वाले रामलीला मैदान के समीप स्वर्गीय श्री दिनेश सिंह जी जिन्होंने भारतीय सेना में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया आज जहां पर उनका अंतिम संस्कार हुआ था । जहां उनकी समाधि बनाई गई वहां पर आज कचरे का अंबार लगा हुआ है चारों ओर गंदगी फैल रही है । परंतु किसी भी प्रशासनिक एवं राजनीतिक व्यक्ति की नजर यहां पर नहीं गई । आखिर क्या कारण है वीर शहीदों का जहां सम्मान होना चाहिए वहीं एक ऐसी जगह जहां पर शहीदों की समाधि का अपमान हो रहा है । ग्राम शोभापुर में जब शनिवार को मुख्य बाजार भरा जाता है उस समय तो यहां की दुर्दशा इतनी गंभीर होती है जिसे देखकर सच्चे देशभक्त की आंखों से आंसू रुक नहीं सकते । फिर भी प्रशासन एवं राजनीति क्यों बंद आंखों से इस जगह को देख रही है आखिर क्यों इस जगह का पुनर्निर्माण नहीं हो पा रहा । पुनर्निर्माण ना ही सही परंतु इस जगह का कुछ ऐसा इंतजाम तो हो जिससे वीरों के बलिदान को याद किया जाए । उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जाए ग्राम के युवाओं द्वारा निरंतर मुहिम चलाई जा रही है इस जगह को लेकर इसके संबंध में अति शीघ्र युवाओं द्वारा तहसीलदार विधायक एसडीएम एवं कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया जाएगा

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा इन शब्दों का मूल्य लगता है सरकार ने भुला ही दिया

नगरपालिका ने निराश्रित पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही शुरू की

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम। मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगरीय क्षेत्र में घूमने वाले पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस, गौशाला में भेजने की कार्रवाई नगरपालिका द्वारा की जा रही है। नगरीय क्षेत्र में लगातार मुनादी कराई जा रही है तथा अपने पशुओं को बांधकर रखने को कहा जा रहा है। हाका दल प्रभारी गगन सोनी ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में समस्त गौवंश, सुअर, कुत्ते एवं गधे मालिकों को सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा घर से छोडने जाने के उपरांत गौवंश नगरीय क्षेत्र के प्रमुख चौक चौराहों, मुख्य मार्गों पर विचरण कर रहे हैं, जिनके कारण समय समय पर होने वाली दुर्घटनाओं, यातायात प्रभावित होने के कारण नगरपालिका के हाका दल द्वारा समस्त गौ-वंश को पकड़कर कांजी हाउस एवं गौशाला में भिजवाने की कार्रवाई की जा रही है तथा पशु मालिकों पर भी चलानी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही साथ नगरीय क्षेत्र के वार्डों में भी सुअर, कुत्ते एवं गधे आवारा विचरण करते पाए जा रहे हैं जिससे वार्डों में गंदगी व्याप्त हो रही है। ऐसे समस्त सुअर मालिकों, गधे मालिकों तथा कुत्ते मालिकों से अनुरोध है कि वे अपने पालतू जानवर अपने बाड़े में ही रखें। अन्यथा संबंधितों के विरूद्ध शासन के निर्देशानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित पशु मालिकों का होगा।

In The Court of I District and Additional Session Judge, District Court Narmadapuram
Presiding Officer: जफर इकबाल
आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु
(MJC GW/0000004/2025)
उत्केष मीना .....वादी
Vs
सर्वसाधारण....प्रतिवादी
Process Id-/2025
पेशी दिनांक- 12/08/2025

प्रेषिती :-
(1) सर्वसाधारण पता -जिला नर्मदापुरम मप्र

यह कि प्रार्थी उत्केष मीना ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 08 हिन्दु अल्पसंख्यक एवं संरक्षकता अधिनियम के लिये वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस बाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 14 July 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
न्यायाधीश
जफर इकबाल
प्रथम जिला न्यायाधीश नर्मदापुरम जिला नर्मदापुरम म.प्र.

टिप्पणी :-प्रकाशन मेमो
कृपया ध्यान दें 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।